फोस्टर केयर सोसायटी एवं अभय दान द्वारा आरओ सिस्टम की स्थापना

उदयपुर (कासं)। राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय, इंद्रा कॉलोनी, गोवर्धन विलास में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए, फोस्टर केयर सोसायटी एवं अभय दान (ट्रस्ट) के संयुक्त तत्वाधान से विद्यालय में आर.ओ. सिस्टम जल शुद्धिकरण प्रणाली में मय वाटर कूलर की स्थापना की गई। फोस्टर केयर सोसायटी, की पहल से विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय परिसर में संचालित आगंनवाडी के लगभग 105 बच्चों को भी अब साफ और शुद्ध पेयजल मिल सकेगा।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्लाक शिक्षा अधिकारी कुंजबिहारी भारद्वाज,अतिरिक्त मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी विनोद शर्मा, विद्यालय प्रधानाध्यापक विनोद नागोरी, शिक्षकगण, फोस्टर केयर सोसायटी के निदेशक अनुराग महता,वीरेन्द्र सिंह शक्तावत,अंजुम शेख,पुष्कर टेलर ने भाग लिया।

आदिनाथ युवा संस्थान का शपथग्रहण समारोह आयोजित

उदयपुर (कासं)। आदिनाथ युवा संस्थान का 9 वां शपथर्ग्रहण समारोह हिरणमगरी से. 11 स्थित आदिनाथ भवन में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भूपेन्द्र चौधरी,समारोह गौरव समाजसेवी मांगीलाल नावड़िया, शीतल डागरिया थे।

इस अवसर पर संस्थान के मुख्य संरक्षक अशोक शाह ने बताया कि समारोह में पूर्व अध्यक्ष मदन देवड़ा ने नव निर्वाचित कार्यकारिणी के अध्यक्ष पवन धीरावत सचिव महेन्द्र मादावत,कोषाध्यक्ष हसमुख नागदा,जयंतीलाल नेतावत, जितेन्द्र चित्तौड़ा,आदेश पचौरी, ऋश्रभ भंवरा, सतीश गांधी, हेमन्त शाह, सुरेश वखारिया, गजेन्द्र कोठरी, अमृत बोहरा सहित कार्यकारिणी को शपथ दिलायी।